हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 29 जून 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]



11 रक्शापथरा में सड़क, पेयजल व आंबा सहित बुनियादी...





12 बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथों में : विधायक





प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

Pragati College
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)
Ph. : +91-771-2255911/22, Fax : +91-771-2255933
ADMISSIONS OPEN
STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION
Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003
Computers > B.C.A., B.Sc. (C.S.), P.G.D.C.A. 9294603013
Communication > B.A.(J.M.C.), P.G.D.J. 9294603033
Education > D.El.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025
Management > B.B.A. 9294603003
info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com


## विडंबना : योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिकारी की रहती है महत्वपूर्ण भूमिका

# 179 गांव में 29 की जगह 5 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कैसे होगी उन्नत कृषि?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रदेश किसानों के नाम से जाना जाता है और यहां का मूल आर्थिक स्त्रोत कृषि कार्य है जो पूरे प्रदेश के लिए अन्न का उत्पादन करता है। विशेष कर धान यहां का मुख्य फसल है उसके अलावा अन्य फसलों का भी उत्पादन किया जाता है और इन सब में अच्छा उत्पादन और उन्नत खेती के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कृषि विभाग, लेकिन कृषि विभाग में कर्मचारी की कमी है इससे पता चलता है कि किसानों के लिए शासन कितना ध्यान दे रही है, शासन द्वारा किसानों के लिए नई-नई योजनाएं लागू करती है जो किसानों तक पहुंचाने एवं क्रियान्वयन करने में इन कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लेकिन यहां तो कर्मचारियों का अभाव बना हुआ है तो हम कैसे उम्मीद करें कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है और जो विषय लेकर किसानों को समझाना चाहते हैं वह किसानों तक कैसे पहुंचेगा? विकासखंड में लगभग 179 गांव है जहां पर लगभग 29 ग्रामीण कृषि विस्तार के अधिकारी की जरूरत है जिनके स्थान पर यहां 5 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदस्थ है इससे हम अंदाज लगा सकते हैं कि 5 ग्रामीण विस्तार अधिकारी कब पहुंचेंगे, क्या जानकारी देंगे और उनकी समस्याओं का क्या निराकरण होता है इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है।



### उच्च कार्यालय को दे दी गई है जानकारी

यहां पर सहायक विस्तार अधिकारी की कमी है इसकी जानकारी लगातार उच्च कार्यालय को दी जा चुकी है, संभवत अभी भर्ती एवं स्थानांतरण में कुछ लोगों का आने की संभावना है।

-एनके भोई, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी

### कृषि समिति में की बैठक में प्रस्ताव पारित

क्षेत्र में कुल पांच प्रकार की फसल लिया जाता है जिसमें धान, अनाज, दलहन, तिलहन और रेशेदार सब्जी इन सब का कुल 260 85 हेक्टेयर में कृषि से संबंधित कार्य होते हैं और इनमें शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन मार्गदर्शन सहित अन्य कार्यों के लिए 5 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदस्थ है। क्षेत्र में धान रोपा 4600 हेक्टर, बोता 20520 हेक, अनाज मक्का 42 हेक्टर, ज्वार, कोदो, कुट्टी 85हेक्टर, रागी 35 हैकयर, दलहन अरहर 20 हेक्टर, मूंगफली 80 हेक्टर, उड़द 351 हैकटेयर, तिलहन मूंगफली 81 हैकयर, तिल 61 हेक्टर, रेशेदार एवं अन्य सब्जी 142 हैकटेयर में कृषि से संबंधित कार्य किया जाता है, क्षेत्र में ग्रामीण विस्तार अधिकारी के कमी पर स्थाई कृषि समिति में की बैठक में भी चर्चा की गई है और प्रस्ताव पारित कर उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित किया गया है कि यहां पर ग्रामीण विस्तार अधिकारी के पदों की पूर्ति की जाए।

## जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम अछोली में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी टीकम बघेल पिता बबलू (24 साल) के साथ गांव के ही दिनेश खुंटे ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# आबकारी विभाग ने जब्त की 12 लीटर अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



कलेक्टर गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल के आदेशानुसार एवं सहायक आयुक्त आबकारी गरियाबंद पी के नेताम के सफल मार्ग दर्शन में आबकारी विभाग गरियाबंद की टीम द्वारा वृत्त देवभोग के ग्राम भेजीपदर निवासी प्रकाश मांझी पिता भीख राम मांझी साकीन भेजीपदर के रिहायसी मकान पर आकश्मिक छापा मार कर उनके कब्जे से 8 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर रिमांड में लिया गया है। भेजीपदर निवासी एक अन्य व्यक्ति तोषण ध्रुव पिता खामसिंह ध्रुव साकीन भेजीपदर के रिहायसी मकान पर छापा मार कर उनके कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ख के तहत प्रकरण कायम किया गया। इस प्रकार 02 प्रकरणों में कुल 12 ▶▶|शेष पेज 10 पर

# प्लेसमेंट कैंप 2 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा कार्यालय परिसर गरियाबंद में मंगवार 2 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी प्रतिष्ठान- सेफ इंटेलीजेंट सिक्योरिटी सर्विसेस अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा भिलाई और दुर्ग के लिए सिक्योरिटी गार्ड के 100, रायपुर के लिए सिक्योरिटी गार्ड के 100, राजनांदगांव व डोंगरगढ़ के लिए सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 50 एवं छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के लिए लेबर के 250 रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी। निजी प्रतिष्ठान में ▶▶|शेष पेज 10 पर


RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI CHHATTISGARH | R1
Department of BIOTECHNOLOGY
Under Graduate Programme
• BSc (Biotech with Botany)
• BSc (Biotech with Zoology)
Post Graduate Programme
• MSc (Biotech)
OUR MAJOR RECRUITERS :-
LUPIN
Alembic
SUN PHARMA
Deepak Advts.
90161 13333



शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98261-96073


# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर में शुक्रवार को फिर एक दुर्घटना हो गई जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के मुताबिक दो बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक चालक की मौत हो गई है, वहीं एक चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला नवापारा थाना क्षेत्र का है। शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे नवापारा-तर्री के पास तेज रफ्तार दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबर्दस्त था कि दोनों बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस दोनों युवक को नवापारा सीएचसी लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित ▶▶|शेष पेज 10 पर




SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE KI GUARANTEE
PROUD TO ANNOUNCE
THE ONLY DENTAL COLLEGE
of Chhattisgarh with 'A' Grade accredited by NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
has been RANKED
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
&
45th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA
By INDIA TODAY
AC CLASS ROOMS
REGISTRATION OPEN
BDS | MDS In all 9 Branches
• BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
ADMISSION HELP LINE : 92293 44402, 9229 111 555



ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
University Grant Commission
Association of Indian Universities
CG PURC
All Indian Council of Technical Education
BAR Council of India
Pharmacy Council of India
In Collaboration with
RUSHFORD INDIANATECH HENRY HARVIN JUDSON UNIVERSITY SSBM
Admission open 2024-25
Apply Now
+91-91092-44444
+91-91093-33333
ISBM University, City Office, Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010
ISBM University Campus, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996
SCHOOL OF PHARMACY
D-Pharma | B-Pharma | M-Pharma * | Ph.D
SCHOOL OF LAW
LLB | LLM | BBA-LLB | Ph.D | BA-LLB
SCHOOL OF MANAGEMENT
BBA | MBA | EMBA | DBA | PGDBA | Ph.D |
BBA (Industry Integrated) | MBA (Industry Integrated)
SCHOOL OF DESIGN
DFD | DID | CFD | CID | BSc-FD | BSc-ID | Fashion Design | Interior Design
SCHOOL OF INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA | PGDCA | BCA | MCA | Ph.D |
BCA (Industry Integrated)
SCHOOL OF LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib | M.lib | Ph.D
SCHOOL OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
DIPLOMA | B.Tech | M.Tech | Ph.D
B.Tech (Industry Integrated Computer Engineering)
SCHOOL OF SCIENCE
B.Sc | B.Sc (Hon) | M.Sc | Ph.D
SCHOOL OF COMMERCE
B.Com | M.Com | Ph.D |
B.Com (Industry Integrated)
SCHOOL OF JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
D-JMC | B-JMC | MA-JMC | Ph.D
SCHOOL OF ARTS & HUMANTIES
BSW | MSW | BA | BA (Hons) | M.A. | Ph.D
SCHOOL OF YOGA & NATUROPATHY
DIY | DN | BA / MA (Yoga) | M.A. | Ph.D
SCHOOL OF HOTEL MANAGEMENT
DHMCT | BHMCT
SCHOOL OF VOCATIONAL STUDIES IN B.VOC
Diploma & PG Diploma
Full Stack Development, Internet of Things (IoT), Cyber Security, UI/UX, Digital Marketing, Data Analytics
Datagami "Lead Digital Technology" — MBA in Banking & Finance

## खबर संक्षेप



### जीवन में शिक्षा जरूरी करें पढ़ाई : मांझी

**मैनपुर।** गोहरापदर में प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने नवप्रवेशी छात्र- छात्रओं को मिठाई खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है मन में दृढ़ ईच्छा शक्ति, लगन एवं अपने आप पर भरोसा रखे दुनिया की कोई भी ताकत आपकों सफल होने से नहीं रोक सकती। भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी ने कहा की बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ बच्चों के अंदर व्यक्तिव, आत्मविश्वास धौर्य का विकास करें तभी वे कठिन से कठिन लक्ष्य को पा सकते है। इस दौरान उपसरपंच अलतमस खान, प्राचार्य भुपेन्द्र तिवारी, संकुल समन्वयक संजय कश्यप, प्रधान पाठक हेमलाल जगत, सुरेश यादव, अर्जुन दौरा, लंबोदर साहू, जंलधर राजपुत, भगवानों राम, ललिता तिवारी, त्रिपुरा पांडे व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बिनौरी स्कूल में मना प्रवेशोत्सव



**छुईहा बेलर।** बिनौरी प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्रों को पाठ्य-पुस्तक दिया गया। ही नेवता भोज में खीर पुड़ी सहित विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया। ग्राम पंचायत बिनौरी सरपंच केजाउ निषाद के द्वारा स्कूली छात्राओं को गणवेश एवं पुस्तक वितरण भी किया गया और नेवता भोज में अपनी सहभागिता बनाई। सरपंच केजाउ निषाद ने कहा कि आप सभी बच्चे समय में उपस्थित होकर अपना शिक्षा ग्रहण करें, स्कूल में पढाये गये को घर में जरुर पढ़े। इस दौरान सतराम साहू, समिति अध्यक्ष सीतल साहू, टिकम साहु, उमेश साहू, सतोष, सरस्वती साहू, बिंदू ध्रव, कौशल, सेवक, प्रधान पाठक कपा नेताम, रामावतार यादव, शैलेन्द्र सकार, शियाराम साहू, रेखा बाजपेयी, लोमश साहू, उषा साहू, संकुल समन्वयक कमलेश साहू इस अवसर पर उपस्थित थे।

### भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कर रही कार्य : राठौर



**मैनपुर।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला दबनई में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया । कार्यक्रम में पालकों एवं ग्रामीणों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों के हल्दी हस्त चिन्ह स्कूल में बनवाकर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर पाठ्य–पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। सरपंच एवं पालक समिति द्वारा न्यौता भोज दिया गया। ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित स्वादिष्ट पकवान और भोजन खाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। भाजयुमों जिला महामंत्री तुलसी राम राठौर ने शाला प्रवेश उत्सव के दौरान स्वागत करते हुए कहा कि राज्य व केन्द्र के भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे यह हमारी जिम्मेदारी है, सभी बच्चे अच्छे से पढाई करें और अपना परिवार तथा गांव क्षेत्र जिले प्रदेश का नाम रौशन करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच घनश्याम नागेश, प्रधानपाठक चिंताराम नेताम, रंजीत सिंह ध्रुव, शिक्षक दीपक कुमार चतुर्वेदी, विनय कुमार साहू, धर्मेन्द्र ठाकुर, ग्रामीण अमर लाल, पुनीत राम, मिलन सिंह, चंदन नेताम, नैन सिंह, उदेराम, फागेश्वर नेताम, रूपा बाई, रेवती बाई, शांताबाई नेताम, कुलेश्वरी नागेश, गठिया बाई, डिगेश्वरी राठौर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**प्रवेशोत्सव :** शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए नपा अध्यक्ष, विकास कार्य के लिए 5 लाख रूपए की घोषणा की

# विद्यार्थियों के भविष्य के लिए शिक्षा जरूरी : मेमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद





विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा सबसे अहम है, यदि स्कूली शिक्षक लक्ष्य का निर्धारण करते हुए और संकल्प लेते हुए बच्चों को मन से पढ़ाएंगे तो निश्चित ही हमारे बच्चे प्रदेश के नाम को गौरवांवित करेंगे। ये बात नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने जिला स्तरीय शाला प्रवेश कार्यक्रम में कही।

श्री मेमन ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी, पालक व शिक्षकों को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर किया गया। शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को प्रेरित करते हुए नपा अध्यक्ष ने कहा कि "अगर करोगे भरोसा ऊपर वाले पर तो तकदीर में लिखा है वो पाओगे और अगर करोगे भरोसा खुद पर, तो ऊपर वाला वो लिखेगा जो तुम खुद चाहोगे।" कहा कि शाला को संवारने का दायित्व केवल शिक्षक का नहीं वरन छात्र एवं पालकों का भी है. पालक भी बच्चों के पढ़ाई के महत्व को समझे और नियमित रूप से बच्चों की पढ़ाई का आंकलन भी करे। बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए न केवल पढ़ाई अपितु खेल एवं विभिन्न कला को सीखना भी जरूरी है। इसी तरह शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार की शिक्षा भी जरूरी है. संस्कार सही नहीं होने से जीवन का पतन हो जाता है। संघर्षों से ही कामयाबी मिलती है। आज के समय में मोबाइल का उपयोग बच्चे कम करे, हालाकि मोबाइल में सभी जानकारी मिलती है, हमें अच्छी बात को देखना है। वही स्कूली की समस्याओं को लेकर श्री मेमन ने प्राचार्य वंदना पांडे से कहा कि वे पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन से चर्चा के सभी समय निराकरण की कोशिस करेंगे, साथ ही तात्कालिक व्यवस्था के लिए स्कूल में एक वाटर कूलर देंगे और नपा में नया निधि में एक वाटर कूलर के साथ खेलकूद सामाग्री व अन्य कार्य के लिए पांच लाख रुपया देने की घोषणा किए।

**स्कूल स्टाप के मेहनत से मिल रहा अच्छा परिणाम-** शाला प्रवेश उत्सव के प्रारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमे स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत ने लोगो को आकर्षित किया। वहीं कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल के प्राचार्य वन्दना पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह शाला प्रवेश उत्सव शासन को महत्ती योजना है। इस उत्सव के माध्यम से शाला में बच्चों को परिवार जैसा माहौल ताकि बच्चे अपने उज्ज्वल भविष्य गढ़े इसका उद्देश्य है। आज स्कूल स्टाप के मेहनत से अच्छा परिणाम देखने को मिल रहा है। लकी स्कूल स्टाप की कमी है, फिर भी कामर्स मैथ्स और बायो की पढ़ाई इस स्कूल में ठीक चल रहा है।स्कूल के लिए दो भृत्य, एक कामर्स टीचर की मांग किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के प्रथम दिन शाला समिति द्वारा न्योता भोज का आयोजन कर 16 छात्रों को अतिथियों द्वारा पुस्तक व सायकल वितरण किये साथ ही वृक्ष। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका संध्या ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष अब्दुल ग़फ़्फ़ार मेमन, सुरेन्द्र सोनटेके, मुरलीधर सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, अनुप भोसले, घनश्याम सिन्हा, धनंजय नेताम, खोरबाहरा चक्रधारी, वंदन पाण्डेय, घनश्याम सिंहा, धनंजय नेताम, शाला समिति खोरबाहरा चक्रधारी के साथ गायत्री परिवार की महिला शामिल थे।

## शिक्षा अंधेरे से उजाले की ओर ले जाती है : कमल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर



हाई स्कूल बेलर में मना प्रवेशोत्सव

हायर सेंण्ड्रीय स्कूल, माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रबंधन समीति, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक सहित महिलाओं की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। सभी ने बड़े उमंग के साथ शामिल हुए। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के फिगेंश्वर ब्लाक में निरीक्षण में पहुंचे थे। उन्होंने बेलर हाई स्कूल प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के बीच में आकस्मिक अवलोकन करने को पहुचे थे। अधिकारी ने बालक पालक और शिक्षक समन्यव से शिक्षा के स्तर को उच्च शिखर तक पहुंचा सकता है। ऐसा प्रयास हमेशा बना रहे। शासन की नई शिक्षा नीति को बेहतर ढंग से सुचारू व्यवस्था मे संचालित करें।

इससे पहले आगन्तुक अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चो का स्वागत किया। बच्चों का मुंह मीठा करा एवं तिलक लगाकर किया गया सम्मान किया गया। बेलर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच बेलर टायल साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पूर्व अध्यक्ष महेतरू सिन्हा, प्राचार्य कमल पांडेय, उपसरपंच धनेश्वरी साहू, पंच विष्णु साहू, रेखा साहू थे। अतिथियों द्वारा समस्त छात्र- छात्राओं को पाठ्य पुस्तक वितरण भी किया गया। प्राचार्य बेलर कमल पांडेय ने कहा की पढ़ लिखकर ही आप छात्र आगे बढ़ सकते है, बिना शिक्षा के जीवन अधूरा है, आप सब संकल्प ले कि सभी बच्चे रोज स्कूल आये। वही घर में भी पालक गण पढ़ाई के लिये बच्चो को प्रोत्साहित करें। अपने अध्यक्षीय उदबोन मे अध्यक्ष महेतरू सिन्हा ने कहा की बच्चों को स्कूल भेजना हम सबकी जिम्मेदारी है बच्चों को पढ़ाई के साथ ही स्कूल में संस्कार भी सिखाया जाता है जो बच्चों के जीवन के लिये आवश्यक है। शाला प्रवेश उत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए शासकीय माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक ने कहा कि स्कूल से हमें जीवन की एक नई राह मिलती है तथा शिक्षा हमें अंधेरे से उजाले की ओर ले जाती है उन्होंने बताया की शाला प्रवेश उत्सव एक ऐसा आयोजन है जिसमें शिक्षक पालक एवं बालक को एक दूसरे को जानने का मौका मिलता है राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है उनका हम सबको लाभ लेना चाहिए और हमारा उद्देश्य हो स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ला गढ़े बर। इस मौके पर मितानीन प्रशिक्षिका सरोज साहू, प्रवीण साहू, धनेश्वरी साहू रेखा साहू, विष्णु साहू, संदीप साहू डीएस ध्रव, संजय साहू, नोहर साहू, सुरेखा सेन, टेकेश्वर सिन्हा, पंचराम दीवान, ज्ञानेन्वर साहू अनिमेष साहू, मंच संचालन शिक्षक श्वेता साहू उपस्थित थे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ने बच्चों को मिठाई खिलाकर करवाया शाला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर



मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम धुररवागुडी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन धुमधाम के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, अध्यक्षता सरपंच खोखमा रामप्रसाद नेताम, विशेष अतिथि सरपंच सरईपानी, मरदन कपील, पुजारी नोभोराम झांकर, भाजपा अल्पसंख्य मोर्चा मंडल अध्यक्ष शेख सलाबुद्यीन, सीमा शुक्ला, तरन्नुम मेमन, पवित्रे सोरी, संकुल प्राचार्य मोतीराम कोमर्रा, संकुल समन्वयंक अजय यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश करवाया तथा पुस्तक और गणवेश वितरण किया स्मृति ठाकुर ने कहा कि बच्चे खुब पढे, आगे बढे जिला प्रदेश व देश के विकास में अपना योगदान दे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए क्षेत्र के सभी लोगों को अपील करती हु की अपने आसपास के बच्चो को स्कूलों में अवश्य रूप से प्रवेश करवाये। इस मौके पर आश्रम अधीक्षक हरलाल नायक द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आनंद साहू ने किया। संकुल स्तरीय कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डोमार सिन्हा, हरलाल नायक, पीलाराम नाग, जेठन साहू, आंनद साहू, बिरेन्द्र बघेल, सुरेन्द्र शर्मा, जगन्नाथ कपील, बिससे"वर यादव, कंवलराम नागेश, शेषनारायण ताम्रकर, राजेश यादव, संदीप सोनी, नरेन्द्र मांझी, नीलकमल, गनपत सिन्हा, टेकराम धुरव, गोपाल रात्रे, बिरेन्द्र मांझी, हेमंत निर्मलकर, देवेन्द्र साहू, कामिनी वर्मा, सरिता आर्मो, लीना निशाद, प्रभा जंघेल, निलिमा एक्का, मिनाक्षी साहू, रि"म धुरवंशी, रीमा धुरव, भुपेन्द्र साहू, संदानंद पटेल, यतिश नेताम, विजय राज सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन और छात्र छात्रए उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने संतोषी को राशन कार्ड, व्हीलचेयर किया प्रदाय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



नगर पंचायत कोपरा निवासी कुमारी संतोषी साहू जो कि जन्म से ही अस्थि बाधित (बौनापन) 100 प्रतिशत दिव्यांग है। संतोषी साहू अपना आधार कार्ड बनाने के लिए आधार सेंटर जाती तो उनका शरीर एवं हाथ बौनापन से छोटे-छोटे होने के कारण उनका आधार कार्ड बनाने के लिए किये गये रजिस्ट्रेशन बार-बार रिजेक्ट हो जाता था। जिस कारण संतोषी का आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था, जिसके कारण उन्हें पात्रता होने के उपरांत भी शासन के अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस पर उनके पालकों ने जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल को अपनी समस्या रखी, जिस पर कलेक्टर अग्रवाल ने संतोषी साहू की समस्या को तत्काल संज्ञान मे लेकर संबंधित विभाग के शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। जिस पर अधिकारियों ने उनकी समस्या को देखते हुए संतोषी के लिए आधार कार्ड के साथ-साथ मेडिकल प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, राशन कार्ड, निःशुल्क बस यात्रा पास तथा आने-जाने के लिए व्हीलचेयर प्रदाय किया गया। संतोषी अब शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा पायेगी, राशन दुकान से अब उन्हें राशन सामग्री मिलेगा, आने जाने हेतु व्हीलचेयर मिलने से उन्हें सुविधा होगी। तथा बस पर निःशुल्क यात्रा कर पायेगी। इस पर संतोषी साहू तथा उनके पालकों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी. ठाकुर भी मौजूद थे।



### डांगनबाय स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

**छुरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डांगनबाय में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उषा ध्रुव शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष,विशेष अतिथि के रूप में राम रतन साहू ,सुलोचनी साहू, नीलम सेन , मंचासीन रहे। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा मां शारदे की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान के पश्चात कक्षा पहली में नवप्रवेशी बच्चों के माथे पर गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। और मुंह मीठा कराकर गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक प्रदान कर शाला प्रवेश कराया गया। इस प्रकार से स्कूल में स्वागत से बच्चें के चेहरे खिल उठे और बहुत ही प्रसन्न चित दिखाई दे रहे थे इस अवसर पर रामरतन साहू शिक्षा विद ने अपने सुपुत्र के विवाह की खुशी में सभी बच्चों को नेवता भोज कराया जिसमें खीर, पुड़ी दाल, चावल , हरी सब्जी आचार, पापड़ बच्चों की थाली में परोसा गया। यशोमती यदु प्रधान पाठक ने उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मीना यादव शिक्षिका ने किया।इस अवसर डोमन साहू, नीलम सेन, पुनिया साहू, दुलारी बाई, रामबाई, मीना बाईसाहू, कंचन साहू, भारती यादव, नंदनी निषाद, खिलेश्वरी, शांति बाई सेन आदि लोग उपस्थित रहे।

## गरियाबंद के दो मीसाबंदियों का मुख्यमंत्री साय ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद/ मैनपुर





लोकतंत्र के लिए सबसे घातक समय आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल की सजा काट चुके लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) का मुख्यमंत्री निवास में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। आपातकाल के 49 वीं वर्षगांठ स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आपातकाल की विभीषिका को याद करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लोकतंत्र सेनानियों के त्याग तपस्या और बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता कांग्रेस सरकार ने देश में आपातकाल लगाकर भारतीय संविधान पर प्रचंड प्रहार किया था लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था। उक्त कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के गोहरापदर से 1975 के आपातकाल में जेल में सजा काटने वाले स्व. शिवनारायण तिवारी के स्थान पर उनकी धर्मपत्नी रनिया तिवारी,सुपुत्र गुरुनारायण तिवारी का सम्मान किया गया साथ ही पांडुका कुटेना निवासी लोचन राम साहू को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया।दरअसल 1975 में तत्कालीन इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने आपातकाल में लाखों देशभक्तों को मीसा क़ानून के तहत जबरन जेल में डाल दिया गया तब गोहरापदर के स्व.शिवनारायण तिवारी सहित गरियाबंद ज़िले के 04 कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया था। सम्मान समारोह के पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित भोज में दोनों परिवार के परिवार जन शामिल हुए।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को तिवारी परिवार ने गणेश जी की लकड़ी से बनी हस्तशिल्प मूर्ति भेंट की।

**जिले में कुल 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए**

## प्री बीएड व प्री डीएड की 30 को होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के द्वारा रविवार 30 जून को प्री बीएड और प्री डीएड परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले में दो पाली में परीक्षा का आयोजन होगा। प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा के लिए 19 परीक्षा केन्द्र एवं द्वितीय पाली में प्री डीएड परीक्षा के लिए 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 4825 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पहले अर्थात सुबह 9.30 बजे तक परीक्षा कक्ष में पहुंचने के निर्देश दिए है। इसी तरह द्वितीय पाली में प्री डीएड की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित होगी। जिसमे 6612 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसके लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में दोपहर 1.30 बजे तक पहुंचने हेतु निर्देश है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा को नोडल अधिकारी एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री मुकाराम नाग को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों में एक-एक आब्जर्वर अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही नकल रोकने के लिए तीन सदस्यीय जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। व्यापम के द्वारा सभी परीक्षार्थियों के लिए विस्तृत निर्देश भी जारी किए गए हैं। परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र एक दिन पूर्व ही निकालने और प्रवेश पत्र की सभी प्रविष्टियों को अच्छी तरह से देखने की सलाह दी गई है ताकि वे परीक्षा कक्ष में तनाव मुक्त होकर नियमों का पालन कर सकें। प्रवेश पत्र में एक प्रति परीक्षार्थी के लिए एवं एक प्रति व्यापम की होती है। परीक्षा हाल में दोनों प्रति साथ रखना होगा। परीक्षार्थी को स्वयं के पहचान हेतु वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रति साथ रखना होगा। इसके के अभाव में परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षा हाल में मोबाईल, कैल्कुलेटर, डिजीटल घड़ी ब्लूटूथ जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं किसी तरह की कोई अवैधानिक सामग्री लाना वर्जित है। सभी परीक्षार्थियों से परीक्षा हेतु निर्धारित समय से आधा घंटे पूर्व परीक्षा हाल में पहुंचना अपेक्षित है। किसी दस्तावेज में यदि फोटो संबंधी कोई समस्या होती है तो इसके निदान हेतु परीक्षार्थी को अपने दो फोटो साथ लाना चाहिए। परीक्षा में सभी छात्र आवश्यक सावधानी रखें इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए है।

पेज 9 के शेष...

### आबकारी विभाग...

लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण तैयार कर एक व्यक्ति को रिमांड में लिया गया है। उपरोक्त कार्यवही में आबकारी उपनिरीक्षक नागेशराज श्रीवास्तव, प्रशिक्षु आबकारी उपनिरीक्षक रजत चंद ठाकुर, आबकारी आरक्षक पीताम्बर चौधरी पदमन साहू, मिथिलेश सिन्हा, महिला सैनिक भारती राजपूत वाहन चालक शैलेंद्र कश्यप, गोवर्धन सिन्हा का सराहनीय योगदान रहा।

### दो बाइक की आमने...

कर दिया।मृतक का नाम मनीष साहू बताया जा रहा है, जो तर्री का रहने वाला है। वह निजी स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। वहीं बाइक चालक दुलेश्वर साहू पिता रोहित साहू 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया जा रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर में रखवाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### प्लेसमेंट कैंप...

रोजगार के इच्छुक ऐसे आवेदक जिसकी उम्र 50 से 40 वर्ष है तथा न्यूनतम योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वी एवं स्नातक रखते हो, तो वे दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी अंकसूची/प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प का लाभ उठा सकते हैं।

खबर संक्षेप



## चल बेटा स्कूल...

**मैनपुर।** नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही अब सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में इस तरह पालक अपने बच्चों को कंधे पर बिठाकर स्कूल ले जाते नजर आते है।

## जलकुंभी से महानदी अटा



**राजिम।** रायपुर-देवभोग मार्ग को जोड़ने वाला पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल राजिम में महानदी पर बनी है। पुल के नीचे महानदी का यह हिस्सा पानी की धार की बजाए यहां जलकुंभी नजर आ रहा है। पहले इस तरह की दुर्दशा ऐसा कभी नहीं थी।

## एसडीएम उमेश ने कुष्ठ सर्वेक्षण का किया निरीक्षण



**महासमुंद।** कुष्ठ मुक्ति जांच अभियान के तहत एसडीएम उमेश साहू द्वारा ग्राम खट्टी में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्वयं सर्वे कर लोगों से जानकारी ली। ज्ञात है कि कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में कुष्ठ मुक्ति जांच अभियान, सिकल सेल एनीमिया, लकवा, कुष्ठ रोग आदि से ग्रसित लोगों की पहचान के लिए सर्वे किया जा रहा है। इसी तरह बागबाहरा, पिथौरा एवं अन्य ब्लॉक में भी अभियान जारी है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

## 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 05 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृति कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत दी है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम बम्हनी की मृतका सेजल साहू, ग्राम लभराखुर्द के मृतक गौरिषी सांवरा तथा पिथौरा विकासखंड के ग्राम बंजारीडीपा के मृतक विकास भोई एवं ग्राम अरंड के मृतक प्रदीप ध्रुव के निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम तुमाडबरी की मृतका थनवारिन ध्रुव के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

विडंबना

### आजादी के 75 वर्षों बाद भी ग्रामीण लालटेन के सहारे जीवन यापन करने को हैं मजबूर

# रक्शापथरा में सड़क, पेयजल व आंबा सहित बुनियादी सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा गांव के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, ताकि दूरस्थ वनांचलो में बसे ग्रामों में ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाए उपलब्ध हो सके लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचलों में बसे ग्रामो के लोग आजादी के 75 वर्षों बाद भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे है और तो और उनके कीमती मत से चुने हुए जनप्रतिनिधि विधायक, सांसद भी कभी इन ग्रामों तक नहीं पहुंचते साथ ही जिले के आला अफसर भी गांव में नहीं पहुंचने के कारण लोगों को जो सुविधाए मिलनी चाहिए नहीं मिल पा रहा है, आजाद भारत के सात दशक बीत जाने के बाद भी विकास नाम की चिड़िया तहसील मुख्यालय से महज 35 किलोमीटर दूर ग्राम रक्शापथरा तक नहीं पहुंच पाई है यहां निवास करने वाले आदिवासी ग्रामीणों को मुलभूत सुविधाए भी नसीब नहीं हो पा रही है गांव में अब तक पक्की सडक, बिजली, स्वास्थ्य और तो और आंगनबाड़ी तक की सुविधा नहीं है। राजापडाव गौरगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोना के आश्रित ग्राम रक्शापथरा की जनसंख्या लगभग 359 के आसपास है, अब तक इस गांव में पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया जा सका है। उबड़- खाबड़ पथर्रीले पंगडंडी मार्ग के सहारे ग्राम रक्शापथरा पहुंचा जाता है गोना से लगभग 05 किलोमीटर की दूर पर यह गांव बसा हुआ है पहले यह गांव वन ग्राम के अंतर्गत आता था तो गांव तक पहुंचने वाली सड़क में वन विभाग द्वारा वन ग्राम के तहत मरम्मत वगैरा कार्य करवा दिया जाता था लेकिन जब से यह गांव को राजस्व का दर्जा मिला है। सड़क का कार्य नहीं हो पाया, सड़क की स्थिति बेहद जर्जर है। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़क निर्माण की मांग कई बार कर चुके हैं लेकिन हर बार आश्वासन के शिवाय ग्रामीणों को कुछ नहीं मिल पाया। ग्राम गोना तक कच्ची सड़क की स्थिति इतना जर्जर हो गया है कि जगह- जगह लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं मोटर सायकल में भी जाने पर चार से पांच स्थानों पर उतरना पड़ता है। मोटर सायकल को पीछे से धक्का मारना पडता है और तो और सड़क जगह- जगह से टुट गया है, नजर हटते ही बड़ी दुर्घटना घटने की संभावना है।



### आंगनबाड़ी है जरूरी : सरपंच

ग्राम रक्शापत्थरा में आंगनबाड़ी खोला जाना बहुत जरूरी है कई बार मांग कर चुके है गांव तक पक्की सड़क पेयजल, बिजली लगाने के लिए कई बार मांगपत्र शासन प्रशासन को सौंप चुके हैं।
**-सुनील मरकाम,** सरपंच राम पंचायत गोना



### लालटेन युग में जीने को मजबूर ग्रामीण

ग्राम रक्शापथरा प्राकृतिक सुदंरता से भरा हुआ है इस गांव की खासियत यह है कि गांव के चारो तरफ पहाडी है और पहाड़ी के नीचे गांव बसा हुआ है, लेकिन आज तक बिजली नहीं लग पाया है, लालटेन युग में जीवन यापन करने मजबूर हो रहे है। सौर उर्जा के प्लेट खराब हो चुके है महज एक घंटा ही शाम को जल पाता है उसके बाद पुरी रात ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पडता है, ग्रामीण श्रीमती रेखा मरकाम, मानकुंवर मरकाम, गंगा बाई मरकाम, अनिता, भगवती, प्रताप सिंह नेताम, मोहन सिंह, धनराज मरकाम, माखन नेताम, धनेश नेताम व ग्रामीणों ने बताया कि वर्शो से गांव में बिजली सडक, आंगनबाडी, पेयजल की मांग करते आ रहे है लेकिन अभी तक हमारी समस्याओं को सुनने वाला कोई नही है ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 20 वर्शो में हमारे क्षेत्र के कौन विधायक सांसद है उनको भी आज तक नही देखे है, क्योंकि कभी हमारे गांव नही आते यदि हमारे गांव नेता और अफसर पहुचते तो हमारी गांव की समस्या का समाधान हो जाता।

### बच्चों को नहीं मिल रहा पोषण आहार

शासन द्वारा हर गांव में आंगनबाड़ी खोलकर कुपोषण दूर करने विशेष अभियान चलाया जा रहा है लेकिन ग्राम गोना में आज तक आंगनबाडी नहीं खोला गया है कई बार ग्राम पंचायत से प्रस्ताव भी दिया जा चुका है और तो और ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल महिला बाल विकास विभाग के जिला अफसर से लेकर ब्लॉक तक आवेदन निवेदन कर थक चुके है, लेकिन आंगनाबड़ी खोलना दूर अब तक इसके कोई भी अधिकारी इस गांव के सर्वे तक करने नहीं पहुंचा है।

### नल-जल योजना के तहत लगी है टंकी

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी लगाई गई है, लेकिन सौर प्लेट नहीं लगाने के कारण अब तक चालू नहीं हुआ है 4 माह पूर्व ही पानी की टंकी लगाई गई है पूरा भीषण गर्मी में एक बूंद लोगों को पानी नहीं मिला। गांव में तीन हैंडपंप है जिसमें दो हैंडपंपों से पानी नहीं निकल रहा है।

## प्रा. शाला फुलझर में मना प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्राथामिक शाला फुलझर में हर्शोउल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों को टीका लगाकर स्वागत करते हुए मुंह मीठा कराकर पाठय पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया वहीं पर नेवता भोजन कराया गया। कार्यक्रम मे नोडल अधिकारी सतीश कुमार चंद्रवंशी छुरा–फिगेश्वर ने छः वर्ष के बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की पालकों को से अपील की। शिक्षकों ने भी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने एवं नियमित पढ़ाई करने की अपील की। कार्यक्रम मे संकुल समन्वयक कर्म सिंह कमार, प्रधान पाठक हरिराम नागरची, शिक्षक एवन कुमार साहू, योगेश्वर साहु, दशरथ तारक, लोमश साहु,मनोज ध्रुव, बिरझु भुजिया, राकेश ध्रुव, पुरूषोत्तम ध्रुव, बच्चों के पालकों सहित शाला प्रवेश उत्सव में ग्रामीण लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## 30 करोड़ रूपये के कृषि ऋण का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में किसान खरीफ फसल लेने के लिए खेतों की जुताई कर धान की बोआई करने में जुट गये है। वहीं मैनपुर ब्लॉक में सहकारी सोसाईटियों से 30 करोड़ से ज्यादा की कृषि ऋण प्रदान किया गया है। मानसून की दस्तक के साथ खेतों में हलचल बढ गई है किसान खरीफ की फसल लेने के लिए पूरी तैयारी में लग गये है सुबह से देर शाम तक खेतों में इन दिनों चहल पहल देखने को मिल रहा है, कई किसान पारम्परिक तरीके से बैल हल के माध्यम से खेतों की जुताई में जुटे हुए है तो कई किसान ट्रैक्टर और आधुनिक यंत्रे का भी इस्तेमाल भी कर रहे है, धान की लगभग 20 प्रतिशत बोआई कार्य हो चुका है वही गरियाबंद जिले में सबसे ज्यादा मक्का की फसल मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लिया जाता है और मक्का की बोआई कार्य प्रारंभ हो चुका है लगभग 40 प्रतिशत बोआई पूर्ण हो चुका है मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के कुचेंगा, भाठापानी, गरीबा, मोतीपानी, कोकड़ी, बरगांव,



शोभा, अड़गड़ी, गौरगांव, गरहाडीह, साहेबिनकछार, नागेश, कोदोमाली, अमाड़, जुंगाड़, जांगड़ा, तौरेंगा, इंदागांव, कोयबा, ध्रुर्वागुड़ी, पयलीखण्ड, कुरूंभाठा क्षेत्र में किसान इन दिनो मक्का की बोआई प्रारंभ कर दिये है साथ ही किसान धान की बोआई में भी लग गये है।

धान बोआई और कृषि कार्य से पहले किसानों को सहकारी सोसाईटियों में देखा जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर ब्लॉक में 12 सहकारी सोसाईटी में लगभग 30 करोड से ज्यादा के कृशि ऋण किसानों को प्रदान किया गया है जिसमें 4500 के आसपास किसानों को कृशि ऋण प्रदान किया गया है मिली जानकारी के अनुसार सहकारी समिति शोभा, कोयबा, मैनपुर के साथ उरमाल, गोहरापदर, धौराकोंट, ढोढर्रा, तेतलखुंटी, अमलीपदर, मुडगेलमाल, काण्डेकेला, खोखमा में किसानों को कृशि ऋण वितरण किया जा रहा है, जिला सहकारी बैंक गोहरापदर के शाखा प्रबंधक नयन सिंह दाउ ने बताया कि 09 सहकारी सोसाईटियों में 21 करोड 98 लाख 81 हजार रूपये कृशि ऋण का वितरण किया चुका है मैनपुर शाखा प्रबधंक दुष्यंत कुमार इंगले ने बताया कि मैनपुर के 03 सहकारी सोसाईटियों में 04 करोड रूपये के अधिक कृशि ऋण वितरण किया जा चुका है। मैनपुर कषि विभाग के वरिष्ठ कृषि अधिकारी भावेश शांडिल्य ने बताया मैनपुर क्षेत्र में लगभग 20 हजार हेक्टेयर में धान 11 हजार हेक्येटर में मक्का और 07 हजार हेक्टयर में दलहन, तिलहन की खेती किया जा रहा है श्री शाडिल्य ने बताया कि मैनपुर क्षेत्र में धान और मक्का की बोआई का कार्य 40 प्रतिशत के आसपास हो चुका है।

## शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव वनांचल क्षेत्र के ग्राम रूवाड़ पहुंचे। जहां शाला समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात मां सरस्वती की पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं नव प्रवेशी छात्र- छात्राओं को विधायक ने गुलाल व फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और पालकों को निवेदन करते हुए



कहा कि हम अपने बच्चों को जरूर पढ़ायें शिक्षा के महत्व को समझें। साथ ही वनांचल के इस विद्यालय में जो भी समस्याएं हैं उन्हें बहुत जल्द दूर करने का आश्वासन भी दिया। वहीं ग्राम रुवाड़ में नवनिर्मित शासकीय उचित मूल्य दुकान भवन का रिबन काट कर उद्घाटन भी किया। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। एवं ग्राम पिपरछेड़ीकला में यादव समाज सर्कल चिंगरमाल सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस सामुदायिक भवन की माँग विगत लंबे समय से की जा रही थी। अब निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन से सामाजिक गतिविधियों में तेज़ी आयेगी। इस पर समाज प्रमुखों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## तंवरबाहरा स्कूल में न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्राथमिक शाला तंवरबाहरा में गांव के स्वर्गीय रामवती निर्मलकर के स्मृति में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत प्राथमिक शाला के बच्चों ने न्योता भोजन का आनंद लिया। न्योता भोजन से बच्चे खुश नजर आए। न्योता भोजन के आयोजन से बच्चो को अब तरह तरह के भोजन का अवसर मिल रहा है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक नेवता भोजन का कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक शाला तंवरबाहरा में स्वर्गीय



रामवती निर्मलकर की स्मृति में पोता भानु प्रताप निर्मलकर एवं परिवार के द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें उन्होंने मिठाई लड्डू, चावल, दाल एवं सब्जी का व्यवस्था स्वयं के द्वारा किया गया और स्वयं पूरा परिवार आकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ग्राम के सरपंच बालकृष्ण ध्रुव एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्री देवेंद्र कुटारे सर, श्री छविराम कंवर सर प्रभारी प्रधान पाठक माध्यमि शाला तंवरबाहरा, देवेंद्र कुटारे, नर्मदा प्रसाद सिन्हा, मृदुला निर्मलकर, श्रुति गोदियाल मैड़म विशेष रूप से उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक

# बच्चों के विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जिले में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक श्री के.एस नायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता एवं बच्चों की संख्या की जानकारी लेते हुए स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग और छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, शिक्षकों को निर्धारित समयावधि में उपस्थित रहकर शैक्षणिक कार्य तथा स्कूली बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, छात्रवृत्ति व सायकल वितरण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रत्येक साप्ताहिक व मासिक टेस्ट परीक्षा प्रारंभ कर निर्धारित समय पर करने करने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाए। इसके लिए जिले के विभिन्न शासकीय प्राथमिक एवं



माध्यमिक स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था कराई गई है। ऐसे स्कूलों में समय-समय पर जाकर जरूर निरीक्षण करे। जिन स्कूलों में विषय शिक्षक नहीं है, ऐसे स्कूलों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से उन विषयों की कक्षाएं संचालित करें। स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों के सीखने की प्रवृत्ति का विकास होता है। पी.एम. श्री योजना अंतर्गत जिले के शाला भवन मरम्मत नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा रहा है, जिसे लगातार मॉनिटरिंग करते रहे और इस कार्य को समयावधि में पूर्ण कराये। स्कूलों में चल रहे विभिन्न कार्यों की धीमी गति के लिए उन्होंने संबंधित इंजीनियर और एसडीओ का वेतन रोकने का निर्देश देते हुए कहा की जल्द से जल्द सभी कार्य पूर्ण कराये। सभी कार्यों का थर्ड पार्टी एवं फील्ड कर्मचारियों से क्रॉस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश भी दिए। डीईओ व बीईओ को सभी स्कूलों का सतत निरीक्षण एवं सुचारू व्यवस्था तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए प्राथमिक कक्षाओं से हायर स्तर तक उत्कृष्ट अभियान अंतर्गत शिक्षा की बेहतरी के लिए कार्ययोजना अनुसार कार्य करने कहा।इस दौरान कलेक्टर ने स्कूलों में अधोसंरचना जैसे भवन, शौचालय, पानी, बिजली की स्थिति की भी क्लस्टर स्तर पर बैठक लेकर समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने साथ ही शिक्षकों की वर्तमान पदों के आधार पर युक्तियुक्तकरण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिले के सभी स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी/हिंदी माध्यम स्कूलों में अधोसंरचना और शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा का स्तर बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश कलेक्टर ने दिए। शिक्षा की गुणवत्ता के लिए उत्कृष्ट गरियाबंद के तहत सभी स्कूलों में बच्चों को स्कूल प्रारंभ से ध्यान दे। इसके अलावा कमजोर छात्र-छात्राओं पर भी नजर रखकर उसे अन्य गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया।

## कटीली झाड़ियों से दुर्घटना की अशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बारिशकाल आ गया है लेकिन सड़कों के रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य पर विभाग का ध्यान अब तक नहीं गया है। कहीं गड्ढे अधिक है तो कहीं ऐसा भी दृश्य देखा जा रहा है जहां कटिली झाड़ियां सड़क के आधा दूर तक फैल गया है। दिन में तो एक बार वाहन चालक देखकर चलेंगे ही मगर रात को कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। यह तस्वीर राजिम-परसवानी पुल के दूसरे साइड के हिस्से में है जो धमतरी जिला पड़ता है।

## खबर संक्षेप



### योग दिवस पर पोस्टर स्पर्धा, मधु रही प्रथम

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस के छात्राओं द्वारा प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में एनएसएस प्रभारी मधुमति चंद्राकर द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर का शीर्षक था "करो योग, रहो निरोग"। जिसमें मधु विश्वकर्मा प्रथम, दीक्षा द्वितीय, गीतांजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। योगाभ्यास द्वारा विभिन्न आसन प्राणायाम के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में गाइड के बच्चे भी शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रधान पाठक जीआर साहू, शिक्षिका लता वैष्णव, नोबेल ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

### विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण हुआ



बसना। विकासखंड बसना में विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिसमें विकासखंड के सहायक शिक्षक व प्रधान पाठक दक्ष हुए। ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत मिशन का लक्ष्य जो 5 करोड़ बच्चे बुनयदि शिक्षा से छूट गए है, जिन्हें पारंगत करना है। राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 का भी यही उद्देश्य है। यह लक्ष्य को 2026 तक अनिवार्य रूप से हासिल करना है। गढ़फुलझर जोन के मास्टर ट्रेनर शरण कुमार दास, अमित कुमार भोई, प्रफुल कुमार साव रहे। यह ट्रेनिंग अविस्मरीय रहा है। तीनों बेच टेमरी जोन में वारिश कुमार, शिव कुमार साहू, प्रकाश सिदार, डीआरजी विकासखंड के जामदरहा जोन के डीजेंद्र कुर्रे, सालिक राम टंडन, त्रिलोचन पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, ललित देवता बीआरसीसी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी बद्रीविशाल जोलहे, लोकेश्वर सिंह कंवर, विनोद कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### तारक के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि



**तेंदूकोना।** साल्हेभांठा (तेंदूकोना) निवासी अनाथराम तारक (78) का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। जिनमें ग्रामीणों सहित पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा के सदस्य भी उपस्थित रहे। शाम को निवास स्थान में पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा के सदस्यों द्वारा मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी गई व दो मिनट मौन रखकर शांति प्रार्थना की गई। इस दौरान रूपेश तिवारी, भूषण साहू, रामजी प्रसाद पांडेय, हीराधर सिंह सोम, कुंजलाल दीवान, शिव दीवान, कृष्णचंद्र ध्रुव, चंद्रभान कश्यप, बैरगदास वैष्णव, चमन दास साहू आदि उपस्थित रहे।

## प्रवेश उत्सव : रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ शाला प्रवेश उत्सव, विधायक साहू हुए शामिल

# बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथों में : विधायक







हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम मुख्यालय के सरकारी स्कूल में विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच हुआ। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने बच्चो से कहा कि रोज स्कूल आएं और इसी के साथ शिक्षकों को कहा कि बच्चों का भविष्य आपके हाथों में सुरक्षित है। साहू ने शिक्षकों से एक ही बात कहा कि वे समय में स्कूल पहुंचे और अपने दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। कहा कि जो शिक्षक-शिक्षिकाएं उत्कृष्ट काम करेंगे उनका हम सम्मान भी करेंगे। जिले के ग्रामीण क्षेत्र के भेण्डरी-लोहरसी स्कूल की छात्रा होनिसा साहू मेरिट में आई इसके लिए उन्होने संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाओं का तारीफ भी किया। अपने उदबोधन के दौरान विधायक ने अच्छा काम के लिए जहां तारीफ भी किया वहीं चेताया और समझाया भी कहा कि पहले जो हुआ या होता रहा होगा उस पर मैं कुछ नहीं बोलूंगा लेकिन अब मैं चाहूंगा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र में हर अधिकारी-कर्मचारी पूरी तरह से लगन, निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करें। जिन्हें जो दायित्व मिला है उसे अपने पद के हिसाब से निभाएं। चाहे पंच हो, सरपंच हो या गुरूजी अथवा कलेक्टर। अपने पद का ख्याल रखे उसके अनुरूप आचरण करें और जनता की सेवा करें। विधायक ने इस दौरान शाला परिसर में हरियाली देखकर बेहद खुश हुए। उन्होने यहां पौधा भी लगाया इसी के साथ उपस्थित जनसमुदाय से निवेदन किया कि वे अपने गांव के स्कूलों, तालाब और जहां जगह मिले वहां अधिक से अधिक न केवल पौधारोपण करें बल्कि उसकी सुरक्षा का भी ध्यान रखे। उन्होने अपने खुद के बारे में मंच से बताया कि वे एक छोटे से गांव पीपरछेड़ी के रहने वाले है। दो दशक पहले ग्रामीणो से वे पूछते थे कि गांव में विकास काम क्यों नही होता? बड़े बुजुर्गों से जवाब मिलता था कि जो चुनकर आते है वे ईमानदारी से काम नहीं करते तभी से उन्होने ठान लिया था कि एक न एक दिन सरपंच बनकर वह रहेगा। वह गांव का सरपंच बना तो अपने गांव में खूब काम कराया। सार्वजनिक शौचालय, गार्डन, पानी की व्यवस्था, एलईडी लाइट जैसे से बहुत सारे काम किए। मीडिया के साथियों ने मेरे काम को खूब जगह दिया। लिहाजा 18 राज्य के आईएएस इस छोटे से गांव में काम देखने के लिए पहुंचे। बच्चों का तिलक लगाकर गणवेश और कॉपी किताब देकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर बेटियों को सायकल वितरण भी किया और कहा कि आज का जो शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम है वह बच्चों का मनोबल व उत्साह बढ़ाने वाला है। विधायक ने शेड निर्माण के लिए 5 लाख रूपए देने और इसके साथ ही वार्ड नंबर 14-15 में आंगनबाड़ी भवन की घोषणा किया।



### फिंगेश्वर ब्लॉक में 25600 बच्चे अध्ययनरत

कार्यक्रम के प्रारंभ में बीआरसीसी सुभाष शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। बताया कि फिंगेश्वर ब्लॉक में 273 प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल है जहां 25600 बच्चे अध्ययन कर रहे है। इस अवसर पर बीईओ हेमंत साहू, प्रधानपाठक आलोक शर्मा, भागचंद चतुर्वेदी, रामनारायण मिश्रा, पुरन साहू, प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, महेश यादव, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, बोधन साहू, डॉ. दिलीप साहू, नपा उपाध्यक्ष रेखा-कुलेश्वर साहू, नगर पंचायत के सभापति पुष्पा गोस्वामी, जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, देवकी साहू, मधु नत्थानी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे। संचालन व्याख्याता खुमान सिंह ध्रुव ने किया।

### पढ़ते वक्त कोई चीज समझ में न आए तो बेझिझक होकर पूछें

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत की अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने की। उन्होने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें, आज के बच्चे कल के भविष्य है। स्कूल में पढ़ते वक्त कोई चीज समझ में न आए तो बेझिझक होकर बिना डरे अपने गुरूजी और मैम से बात करें। बच्चे स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं का कहना माने। इस समारोह की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष पुष्पा-जगन्नाथ साहू ने भी किया। उन्होने कहा कि सौभाग्य की बात है कि शाला प्रवेश उत्सव का ब्लॉक स्तरीय बड़ा कार्यक्रम राजिम में हो रहा है। मै देख रही हूं कि बच्चों में स्कूल आने के लिए बहुत उत्साह दिख रहा है। कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। अपने बच्चो को सरकारी स्कूल में पढ़ाएं। सरकार पुस्तक, कापी, गणवेश, मध्यान्ह भोजन, सायकल सब दे रही है। बच्चों से कहा कि वे मोबाइल से दूर रहे। मोबाइल सबसे बड़ा रूकावट है। लक्ष्य में पहुंचने के लिए मोबाइल को टाटा बाय- बाय करें। पढ़ाई में ध्यान लगाएं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे ने बच्चों से कहा कि पढ़ाई में ध्यान दे और अच्छा से अच्छा पढ़ाई करे, नियमित स्कूल आएं। स्कूल से लौटने पर माता-पिता भी बच्चो से पूछें कि स्कूल में आज क्या पढ़ाई हुई?

# नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को

**गरियाबंद।** देशभर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को किया जाएगा। जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित होगा। जिसकी तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2024 को होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में सफल कियान्वयन बाबत विभिन्न स्थल पर तैयारियां की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष यशवंत वासनीकर एवं अन्य न्यायालय गरियाबंद में पदस्थ न्यायाधीशों के द्वारा पिछले दिनों विभिन्न प्रशासनिक विभाग के संबंधित अधिकारी के साथ लोक अदालत के सफल कियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई है। जिसमें एडीएम गरियाबंद, लीड बैंक के मैनेजर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक अभियंता विद्युत विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी महिला बाल विकास अधिकारी गरियाबंद, उप पुलिस अधीक्षक गरियाबंद इत्यादि उपस्थित थे। आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपसी राजीनामा के आधार पर प्रकरण का निराकरण किए जाने हेतु हर संभव प्रयास किये जाने पर सहमति व्यक्त की गई। तालुका अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक एवं आम प्रकरणों के निराकरण हेतु मुनादी एवं पांप्लेट के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है। नागरिकों व पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरणों को निराकरण किये जाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं को राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक प्रकरणों के निपटारे हेतु भी पक्षकारों को प्रात्साहित करने के भी निर्देश दिये गये। पूरे भारत वर्ष में नेशनल लोक अदालत का आयोजन वर्ष में हर तीन माह बाद भारत के पूरे राज्य में किया जाता है, जिसमें अधिक से अधिक पक्षकारगण अपने लंबित प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकरण कर सकते है।

# जोखिम में जान : जर्जर स्कूल में बच्चे पढ़ने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



सरकार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई वादे करती है, लेकिन रसेला अंचल की ये तस्वीरें कुछ और हकीकत बयान कर रही है। नए सत्र का आगाज हुआ तो जमकर प्रवेशोत्सव मनाया गया लेकिन इस बार भी सरकारी स्कूलों की हालत में बड़ा सुधार नहीं हो पाया है। छात्र- छात्राएं फिर नए सत्र में इन काम चलाऊं सुविधाओं के बीच मजबुरी में पढ़ेंगे। सरकार के भरोसे पढ़ रहे इन बच्चों को फिर सुविधाओं के अभाव में शिक्षा दी जाएगी। ज्ञात हो कि छुरा विकास खंड मुख्यालय से 20 किमी दूर पर वनांचल क्षेत्र में संचालित शालाओं का भगवान ही मालिक है। यहां बताना लाजिमी होगा शासकीय प्राथमिक शाला कुडेरादादर में बारिश होने पर छत से पानी टपकने से नौनिहाल बच्चों अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं। फिर भी यहां कक्षाएं लग रही है। जर्जर भवन को मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में जोड़ने के लिए शाला प्रबंधन समिति, पंचायत प्रतिनिधि, पालकगण एवं ग्रामवासी द्वारा अनेकों बार पत्र चार के माध्यम से कलेक्टर के जन चौपाल कार्यक्रम, जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ, बीआरसी छुरा को अवगत कराया गया। किंतु अधिकारी की उदासीनता के चलते आज तक जर्जर भवन का सुध लेने वाला कोई नहीं आया। जैसे बारिश होता है, कमरा पानी से भर जाता है। शिक्षक मजबूर होकर मध्यान्ह भोजन पश्चात बच्चों को छुट्टी कर देता है। कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।ऐसी रैवया से बच्चों का शिक्षा स्तर गिरता जा रहा है। ऐसे में सरकार के इन स्कूलों से कैसे बेहतर शिक्षा की उम्मीद की जाएगी। इस क्षेत्र में प्राईमरी, माध्यमिक, हाईस्कूल ऐसे हैं जहां विषयवार शिक्षकों कमी के चलते कैसे और क्या पढ़ा पाता होगा। प्राईमरी स्कूल कुडेरादादर में दर्ज संख्या 103 है शिक्षक संख्या 2 और पांच कक्षाएं है, 2 शिक्षक 5 कक्षाओं को कैसा पढाता होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। पालकगण अपने बच्चों को लेकर चिंतित हो रहें हैं। सरपंच कामनी ध्रुव, उपसरपंच खिलन अग्रवाल, शाला समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश दीवान, कृष्णा साहू, नारायण सिंह ठाकुर, पालकगण झवर अग्रवाल, शिवदास मानिकपुर, भीखम साहू, केजू राम ध्रुव, सेवक राम साहू, बीरेंद्र साहू, बीरेंद्र ध्रुव ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ताला बंदी के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी जवाबदेही शासन की होगी।

# प्रत्येक 1 हजार में से 25 लोग शराब सेवन के शिकार : बंजारे

## फणीकेश्वरनाथ कॉलेज में मादक पदार्थ निषेध दिवस पर शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



मादक पदार्थ निषेध दिवस के अवसर पर नशे के विरुद्ध युवा थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. देवादास बंजारे के निर्देशन में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रो. बंजारे ने कहा कि समाज में नशीले पदार्थ को प्रयोग करने का चलन अत्यधिक तेजी से बढ़ता जा रहा है, अगर इस पर जो विकट समस्या का रूप ले सकता है। आगे उन्होंने भारत सरकार के नशे की स्थिति पर हालिया आंकड़ो हवाला देते हुए बताया की देश के 10 फीसदी से अधिक आबादी अवसाद, न्यूरोसिस और मनोविकृति सहित मानसिक विकारों से पीड़ित है।इसके साथ ही प्रत्येक 1000 में से 15 व्यक्ति नशीली दवाओं का सेवन करते हैं और प्रत्येक 1000 में से 25 लोग क्रोनिक अर्थात स्थायी शराब सेवन के शिकार हैं। अगर छत्तीसगढ़ के विषय में बात किया जाये तो राज्य शराब के सेवन में अग्रिम पंक्ति में आता है जो कि अत्यंत दुर्भाग्य पूर्ण है। नशे के विरुद्ध युवा थीम पर नुक्कड़ नाटक के मास्टर ट्रेनर चितेश्वर साहू तथा लोकेश्वरी साहू के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने नशे के दुष्प्रभाव को प्रदर्शित करते नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतिकरण महाविद्यालय प्रांगन में स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों के समक्ष किया गया तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी से निवेदन किया कि स्वयं तथा अपने समुदाय में नशीले पदार्थों के उपयोग को कम करने के लिए कदम उठायें। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा समस्त स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को नशा न करने एवं नशीले पदार्थो के उपयोग के रोकथाम के प्रयास करने के लिए शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. श्वेता मिश्रा, रितेश गोलछा, कमलेश्वर प्रसाद निषाद, तीरथ राम कपूर, डॉक्टर अल्का कौशिक सहित दलनायक पुरुषोत्तम यादव, दलनायिका दुर्गा साहू, दिवा संगठक यश ध्रुव, टोमे श्वरी साहू, नीतू साहू, पायल साहू, ओसमी साहू, ओमबाई साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# किसानों को मृदा स्वास्थ कार्ड के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदी एवं चरौदा में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें मिट्टी परीक्षण की महत्व को एनके भोई वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी छुरा द्वारा विस्तृत जानकारी हरदी के किसानों को दिया गया और आगामी खरीफ सीजन में धान फसल हेतु बीज उपचार जैविक उर्वरक एवं जैविक कीटनाशक फसल प्रबंधन एवम मृदा अम्लीयता और क्षरीयता फसलों में प्रभाव की जानकारी दिया गया है । उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के पांच गांव के लगभग 1000 किसानों का मिट्टी परीक्षण किया है, मृदा कार्ड वितरण किया जाएगा, जिसमें मिट्टी के मृदा के आधार पर कौन सी फसल पर किस समय पर कौन कौन सी दवाई उपयोग करना है यह सब बताया जाएगा, साथ में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दिया गया एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई केवाईसी आधार सीडिंग और लैंड सीडिंग करने के लिए अपील गया । फसल कटाई उपरांत फसलों के अवशेष को खेतों में किसान न जलाए। खेतो में फसल अवशेष जलाने से मिट्टी का उर्वरक क्षमता कम होता है जिससे फसल उत्पादन कम होता है।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच संतूराम ध्रुव, जनपद सदस्य सुखबती टांडे, रोमनलाल ठाकुर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम के पन्नालाल साहू, गणपत राम, रूपनाथ बंजारे, जहूर कंवर, शिवदयाल कंवर, राजा राम ध्रुव, थानुराम तारक, संतोष साहू, होरीलाल साहू, शिवा यादव, बलदेव साहू, नारद राम मरकाम, केदार यादव, मनराखन कंवर, तुलस राम, सामरित, तिलक राम साहू, नेम सिंह ध्रुव लोकेश्वर यादव आदि किसान प्रशिक्षण में उपस्थित हुए।

## कलेक्टर ने दोपहिया वाहन चालकों को किया हेलमेट वितरण

# हेलमेट के उपयोग को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में दें बढ़ावा: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





### 30 दुपहिया वाहन चालकों को दिए गए हेलमेट

परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने तथा लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने के लिए आज 30 से अधिक दुपहिया वाहन चालकों को समझाइश के साथ हेलमेट का वितरण किया। इस दौरान सभी से सुरक्षित यातायात के लिए हेलमेट पहनने की अपील की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, एसडीओपी गोपाल वैश्य, जिला परिवहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, डीएसपी निशा सिन्हा, यातायात प्रभारी रामाधर मरकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी और आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा ने किया।

यातायात जागरूकता को लेकर गरियाबंद जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद के रावनभाठा में हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने हेलमेट के उपयोग को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में बढ़ावा देने की बात कही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि सड़क में दोपहिया चलाते हुए हेलमेट का उपयोग किए जाने का महत्व हम सभी को पता है। सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना लोगों के जान जाने का बड़ा कारण है। लेकिन अधिकांश लोग लापरवाही बरतते हुए इसको नजरअंदाज कर देते हैं। जब तक स्वयं पर विपदा नहीं आती तब तक मामले की गंभीरता नहीं समझने की प्रवृत्ति छोडऩी चाहिए। परिवार में किसी की भी असमय मृत्यु से पूरा परिवार बुरी तरह से प्रभावित होता है। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि अपनी सुरक्षा और अपने परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे, गाड़ी चलाते समय हेलमेट जरूर पहने। ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। उन्होंने गरियाबंद जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की और जिलेवासियों से अपील की है कि यातायात के नियमों का पालन करके जिम्मेदार नागरिक के रूप में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में योगदान दें।

हरिभूमि पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468